Need to expedite completion of two lane bridge over river Barakar to connect Jharkhand and West Bengal

श्री दुलू महतो **(धनबाद) :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहूंगा कि ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, आसन की ओर पीठ करके बात न करें । प्लीज़, अपनी सीट पर जाकर बैठिए ।

? (व्यवधान)

श्री दुलू महतो **:** बिहार और पश्चिम बंगाल को जोड़ने के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद के अंतर्गत चिरकुंडा में बराकर नदी पर वर्ष 1925 में पुल का निर्माण कराया गया था ।

महोदय, उस समय बिहार और ओडिशा सरकार ने मिलकर जमीन देकर पुल का निर्माण कराया था । इस पुल की क्षमता दस टन भार उठाने की थी, लेकिन समय बदलने के साथ इसकी उपयोगिता बढ़ती चली गई । समय के साथ काफी उच्च भार वाले वाहन भी इस ब्रिज से गुजरने लगे । कोलियरी क्षेत्र और पश्चिम बंगाल की सीमा होने के कारण आवागमन काफी बढ़ गया ।

अध्यक्ष महोदय, ज्ञात हो कि इस पुल के कार्य का शिलान्यास वर्ष 2019 में किया गया था, परंतु कार्य की अत्यंत धीमी गति होने के कारण इस पुल का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है । झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली बराकर नदी पर इस निर्माणाधीन टू-लेन पुल की निर्माण गति में तेजी लाने के लिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा ।

अध्यक्ष महोदय, यह पुल नहीं बनने के कारण निरसा बाजार और गोविन्दपुर बाजार में बहुत भारी जाम लगता है । वहां एनएच रोड होने के बाद भी दिन-दिन भर जाम लगा रहता है । मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि इस पुल का अतिशीघ्र निर्माण करवाकर उस जाम से मुक्ति दिलाने की कृपा करें । निरसा बाजार और गोविन्दपुर बाजार में फ्लाईओवर बनाने की कृपा करें । यही मेरा आग्रह है । धन्यवाद ।